00216

# CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT

## Term-End Examination

## June, 2011

## OSEI-004 : SAFETY AND FIRST AID

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

---

***नोट :*** *प्रश्न-1 के सभी भाग करने **अनिवार्य** हैं। प्रश्न-2 - **दस** में से कोई **सात** प्रश्न करने हैं तथा प्रश्न-3 में, **पाँच** में से कोई **तीन** प्रश्न करने हैं।*

---

### खण्ड - ए

**1.** खाली स्थान भरो : **15x1=15**

(a) जहरीली व प्रदूषित गैस से बचने के लिए __________ का प्रयोग करते हैं।

(b) __________ का प्रयोग गिरती चीजों से सिर को बचाने के लिए किया जाता है।

(c) आग लगने के दौरान __________ की बनावट ऐसी होनी चाहिए कि इन्हें संकट में बाहर की ओर खोला जा सके।

(d) सचेत करने वाले, आदेश देने वाले चिन्ह __________ कहलाते हैं।

(e) सुरक्षा चिन्हों का निर्धारण ठीक उसी प्रकार से किया जाता है जिस प्रकार __________ चिन्हों का।

(f) ईंधन को जलने के लिए उचित __________ की आवश्यकता होती है।

(g) __________ के बिना आग का प्रज्ज्वलन संभव नहीं है।

(h) पानी का बॉयलिंग पोईंट __________ होता है।

(i) जब दो वस्तुओं को आपस में रगड़ा जाता है तो __________ पैदा होती है।

(j) आग एक __________ अभिक्रिया है।

(k) आग के चतुर्भुज में चौथी अभिक्रिया को __________ कहते हैं।

(l) स्प्रिंकलर सिस्टम इंसटॉलेशन __________ प्रकार के होते हैं।

(m) प्राथमिक चिकित्सा देने वाले व्यक्ति को अपनी __________ पर भी ध्यान देना चाहिए।

(n) रोगी को प्राथमिक चिकित्सा के उपरान्त तुरंत किसी __________ में लेकर जाए।

(o) CPR की कार्यविधि को रोगी पर बार-बार करने से उसकी __________ दोबारा चालू हो जाएगी।

## खण्ड - बी

***सही/ गलत*** पर निशान लगायें : **10x1=10**

(a) किसी भी अवस्था में घायल की जाँच नहीं करनी चाहिए। ( )

(b) काम करते समय मजदूरों/कर्मचारियों को संरक्षा सामग्री का प्रयोग नहीं करना चाहिए। ( )

(c) आने-जाने व चढ़ने-उतरने के रास्ते किसी भी फैक्ट्री/ कंपनी में बाधारहित/सुरक्षित होने चाहिए। ( )

(d) किसी चैम्बर या जमीन के नीचे 24-वोल्ट की लाईट लगी होनी चाहिए। ( )

(e) काम पर लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा व कल्याण संबंधी कानून लागू करना आवश्यक नहीं होता। ( )

(f) कंपनी/फैक्ट्री में कार्यरत सुरक्षाकर्मी किसी भी हादसे/ दुर्घटना की रिपोर्ट संबंधित प्रबंधक को देगा। ( )

(g) स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबन्धकर्ता द्वारा नामांकित निरीक्षक कानून लागू करने के लिए वचनबद्ध नहीं होता है। ( )

(h) किसी व्यक्ति के जलने पर उत्पन्न होने वाले फफोलों को तुरन्त फोड़ देना चाहिए। ( )

(i) वैट राईजर पाईप का कनैक्शन शहर की वॉटर सप्लाई तथा फायर हाईड्रेन्ट से होता है। ( )

(j) कूलिंग, आग को ठण्डा करता है। ( )

## खण्ड - सी

उचित उत्तर का चयन करें : **3x1=3**

(a) ऐलिवेटेड टैंक का पैंदा सबसे ऊपरी स्प्रिंकलर हैड से ________ मीटर ऊँचा होता है।

(i) 10 मी. (ii) 6 मी.

(iii) 7 मी. (iv) 5 मी.

(b) वैट पाईप सिस्टम में ड्रेन वाल्व का व्यास होता है :

(i) 45 mm (ii) 50 mm

(iii) 55 mm (iv) 60 mm

(c) राईजिंग मेन होते हैं :

(i) 3 (ii) 2

(iii) 4 (iv) 5

**2.** निम्नलिखित दस प्रश्नों में से ***कोई सात*** प्रश्न करो : **7x6=42**

(a) आग लगने के लिए तीन मुख्य आवश्यक तत्व कौन-कौन से होते हैं? प्रत्येक तत्व का सविस्तार वर्णन करें कि किस प्रकार इन्हीं तत्वों के द्वारा आग को बुझाया जा सकता है।

(b) फैक्ट्री एक्ट-1948 में औद्योगिक स्वास्थ्य संबंधी क्या-क्या प्रावधान किए गये हैं? संरक्षा संबंधी प्रावधानों पर भी कोई मुख्य पाँच बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।

(c) जोखिम भरे पदार्थों के रिसाव में क्या-क्या कार्यवाई की जाती है? इनके बचाव हेतु किन-किन उपकरणों का प्रयोग किया जाता है? उनके नाम लिखें।

(d) सामान्य स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा के अंतर्गत "क्या करें", "क्या न करें" पर एक संक्षिप्त नोट लिखिए।

(e) क्लास 'ए' तथा क्लास 'बी' की आग किसे कहते हैं? दोनों प्रकार की आगों को किस प्रकार बुझाया जाता है? वर्णन करें। T.E.C. पॉऊडर का प्रयोग किस प्रकार की आग पर किया जाता है?

(f) सुरक्षा चिन्ह का मुख्य उद्देश्य क्या होता है? ये कितने प्रकार के होते हैं? निषेधात्मक, सावधान आदेश तथा आपातकालीन स्थिति को प्रदर्शित करने वाले चिन्हों के लिए क्या-क्या तरीके अपनाए जाते हैं? लिखें।

(g) प्राथमिक स्तर पर प्रयोग किए जाने वाले अग्निशमन उपकरण कौन-कौन से होते हैं? ड्राई कैमिकल पॉऊडर तथा कार्बन-डाईक्साइड द्वारा किस प्रकार अग्निशमन किया जाता है?

(h) संभावित हादसे से क्या अभिप्राय है? इमारत व उपकरण संबंधित हादसों/खतरों का वर्णन करो।

(i) आकस्मिक प्राथमिक चिकित्सा के दौरान रोगी की समीक्षा किन-किन बातों पर आधारित होती है? ऐसी स्थिति में आप कौन-कौन सी आवश्यक कार्यवाही करेंगे? वर्णन कीजिए।

(j) किसी कर्मचारी के ड्यूटी के दौरान होनी वाली दुर्घटना में होने वाली कार्यवाही का वर्णन करो। ऐसी दुर्घटना की जानकारी किस प्रकार दर्ज की जाती है? लिखें।

3. निम्नलिखित पांच में से ***किन्हीं तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10x3=30

(a) पायसीकरण किसे कहते हैं? आक्सीजन की अधिकता से तथा तापमान को सीमित करके किस प्रकार अग्निशमन किया जाता है? सविस्तार वर्णन करें।

(b) औद्योगिक दुर्घटना की परिभाषा दीजिए। कार्यशाला (फैक्ट्री) में उत्पन्न होने वाली असुरक्षित स्थितियाँ कौन-कौन सी होती हैं? कर्मचारियों द्वारा कौन-कौन सी असुरक्षित कार्य उत्पन्न हो जाते हैं? सविस्तार वर्णन करो।

(c) एक सुरक्षाकर्मी के कौन-कौन सी प्रमुख जिम्मेदारियाँ होती हैं? सुरक्षाकर्मी अपने प्रदाता की जिम्मेदारियों को पूरा करने में किन दो तरीकों से मददगार साबित होता है? प्रत्येक का वर्णन करो।

(d) राईजिंग मेन कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। ड्राई मेन राईजिंग पाईप संस्थापन के क्या-क्या फायदे होते हैं? ड्राई राईजर में एयर वाल्व का क्या कार्य होता है? डाऊन कमर किसे कहते हैं?

(e) फोम टाईप फायर एक्सटिंग्यूशर कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक का सविस्तार वर्णन करो। फायर एक्सटिंग्यूशर को कैसे चलाया जाता है तथा इनकी देखभाल व रखरखाव कैसे किया जाता है? वर्णन करो।

---